## एक नजर में

### गांजा तस्कर को 3 साल की सजा

**शुजालपुर, 30 अक्टूबर**. पुलिस थाना अवंतिपुर बडोदिया अन्तर्गत तिलावद गांव के समीप गांजा तस्करी करते हुए पकड़े गए. आरोपी को न्यायालय ने कारावास व अर्थ दण्ड से दंडित किया. शासकीय अभिभाषक एवं जिला लोक अभियोजक महेन्द्र सिंह परमार ने बताया कि 5 मार्च 2022 को शुभम पिता रमेशचन्द्र तिवारी निवासी ग्राम विद्यानगर शुजालपुर जिला शाजापुर को चौकी तिलावद थाना पुलिस अवन्तीपुर बडोदिया द्वारा मुखबीर की सूचना पर से 6 किलो 700 ग्राम गांजा वाहन मोटर सायकिल से ले जाते हुए श्री हरी ढाबा तिलावद के पास आष्टा शुजालपुर रोड पर पकड़ा था. उक्त प्रकरण में आरोपी को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश शाजापुर द्वारा धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट में दोषी पाते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 10 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया.

### बोरी बंधान एवं स्टॉपडेमों पर गेट, कड़ी शटर लगाने के निर्देश

**शाजापुर, 30 अक्टूबर**. जल सरंक्षण एवं संवर्धन के लिए जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में 07 दिवसीय विशेष महाअभियान चलाया जाकर वर्षा का जल संचयन के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत के प्रत्येक ग्राम में बोरी बंधान निर्माण एवं स्टापडेम में कड़ी शटर लगाने की कार्यवाही 31 अक्टूबर से 06 नवम्बर तक कराया जाना है. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनप्रतिधिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कार्य का सम्पादन कराये जाने के लिए जनपद पंचायत के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को बोरी बंधान एवं स्टॉपडेमों पर कड़ी शटर लगाए जाने वाले कार्य स्थल वार आदेश जारी कर कार्य पूर्णता कराए जाकर रिर्पोट प्रस्तुत करें.

### रूपाहेडी का संदीप रहा प्रथम



**शुजालपुर, 30 अक्टूबर**. क्षेत्र के ग्राम अमलावती में 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस खेल प्रतियोगिता में आसपास क्षेत्र के कई गांवों दुबड़िया, तलेन, रूपाहेड़ी, जबर्दी एवं केवड़ाखेड़ी के युवाओं ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया. इस रोमांचक दौड़ में प्रथम संदीप मीना रूपहेड़ी, द्वितीय बबलू सेन अमलावती, तृतीय स्थान पर अभिषेक मीना रूपहेड़ी रहे. इस आयोजन का नेतृत्व रघुवीर यादव, गोविंद यादव आर्मी मैन तथा अंकित यादव द्वारा किया गया. जिनके प्रयासों से यह प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई. प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7000, द्वितीय पुरस्कार 5000, तृतीय पुरस्कार 3000 रुपए प्रदान किया गया. इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था.

### तम्बाकु सेवन के दुष्प्रभाव बताए



**शुजालपुर, 30 अक्टूबर**. राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर नगर में जागरूकता कार्यक्रम ललित किशोर शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ. इस दौरान शर्मा ने छात्रों को तम्बाकू और इसके सेवन से हो रहे नुकसान व बीमारियों के बारे में समझाया, ऐसे मरीज जो तम्बाकु के आदि हो चुके है वे स्वास्थ्य विभाग से सम्पर्क कर सकते हैं. कार्यक्रम में परामर्शदाता अलका परमार ने कहा कि शासकीय अस्पताल शुजालपुर मंडी में किशोर स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र का लाभ ले सकते हैं. प्राचार्य तृप्ती पाठक की उपस्थिति में बच्चों को शपथ दिलाई गई.

### सेवानिवृत्ति पर शोभा गुप्ता का सम्मान किया



**शुजालपुर, 30 अक्टूबर**. प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश भोपाल ने सेवानिवृत शिक्षिका शोभा गुप्ता के निवास पर पहुंचकर उनका सम्मान किया. गुप्ता का स्वभाव सरल, सहज होने के साथ ही उन्होंने शिक्षण कार्य कर्म ही पूजा है, इस भाव से अपने दायित्व का निर्वहन किया तथा वो विकास खंड स्तरीय परीक्षा प्रभारी भी रही उत्तम परीक्षा परिणाम दिया, जिसे छात्र आजीवन याद रखेंगे. इस अवसर पर एसोसिएशन जन संपर्क मंत्री गंगाधर वर्मा, हरिचरण मंगलावत संरक्षक मांगीलाल लेवे कोषाध्यक्ष, भागीरथ सिसोदिया उपाध्यक्ष, ओम प्रकाश सक्सेना उपस्थित थे.

# आज दशमी पर होगा कंस के पुतले का वध

## शहर में निभाई जाएगी 272 वर्ष प्राचीन परंपरा, देव-दानवों की टोलियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

**शाजापुर, 30 अक्टूबर. दीपावली के बाद आने वाली कार्तिक दशमी पर आज शहर में कंस वधोत्सव का आयोजन किया जाएगा. इसके लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और कंस वध के लिए कंस का पुतला भी गत 25 अक्टूबर को सिंहासन पर विराजित किया चुका है. शहर में इस परंपरा को आज करीब 272 वर्ष पूरे हो जाएंगे, जिसमें गवली समाजजन लाठी से पीट-पीटकर कंस के पुतले का वध करेंगे. इस अनूठे आयोजन को देखने के लिए स्थानीय के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या में शाजापुर पहुंचेंगे.**

कंस वधोत्सव समिति के अध्यक्ष तुलसीराम भावसार ने बताया कि मथुरा के बाद नगर में इस आयोजन को भव्य तरीके से मनाया जाता है. उन्होंने बताया कि शुक्रवार को कंस वध के पूर्व रात 8.30 बजे श्री बालवीर हनुमान मंदिर परिसर से चल समारोह शुरू होगा, जो शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ रात करीब 11 बजे कंस चौराहे पर पहुंचेगा. जहां वाकयुद्ध के बाद रात 12 बजे श्रीकृष्ण बने कलाकारों द्वारा कंस का वध किया जाएगा. इसके बाद गवली समाज के युवाओं द्वारा पुतले को लाठियों से पीटते हुए ले जाया जाएगा.




### गलियों से निकलती है देव दानवों की टोलियां...

कंस वध से पहले पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे देव और दानवों की टोलियां शहर की गलियों से निकलती हैं. जहां राक्षस हूंकार भरते हैं, तो वहीं देवों की टोली भी वाकयुद्ध में पीछे नहीं रहती हैं. आयोजन को देखने के लिए शाजापुर समेत बाहरी जिलों से भी लोग शामिल होते हैं.

### अत्याचार पर जीत का प्रतीक पर्व...

कंस वध की परंपरा अन्याय व अत्याचार पर जीत के प्रतीक के रूप में मनाई जाती है. समिति अध्यक्ष भावसार ने बताया कि गोवर्धननाथ मंदिर के मुखिया स्व. मोतीराम मेहता ने करीब 272 वर्ष पूर्व मथुरा में कंस वधोत्सव कार्यक्रम होते देखा और फिर शाजापुर में वैष्णवजन को अनूठे आयोजन के बारे में बताया. इसके बाद से ही परंपरा की शुरुआत हो गई. करीब 100 वर्ष तक मंदिर में ही आयोजन होता रहा, किंतु जगह की कमी के चलते इसे नगर के चौराह पर जिसे अब कंस चौराह नाम दिया जा चुका है, पर किया जाने लगा. जिसमें शहर ही नहीं बल्कि शाजापुर जिले सहित आसपास के जिलों के लोग भी इसमें शामिल होते हैं.

# अंधे कत्ल में सजा दिलाने पर डीएम ने किया एसडीओपी का सम्मान

**शाजापुर, 30 अक्टूबर. मोहन बड़ोदिया थानांतर्गत गजारिया गांव की टीलर नदी के पास एक अज्ञात शव मिला था. पूरी तरह यह अंधा कत्ल था. इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने के लिए मोहन बड़ोदिया पुलिस और शाजापुर एसडीओपी गोपाल सिंह चौहान ने अथक प्रयास किए और आखिरकार छोटे से सुराग से मृतक जीवन के हत्यारों को धर दबोचा.**




बता दें 26 जुलाई 2023 को आरोपी गोपाल, मृतक जीवन पिता प्रहलाद के बिना छत वाले मकान में गया था. वहां उसने जीवन को शराब पिलाई और जीवन से झगड़ा कर पास पड़ी रस्सी से जीवन का गला दबा दिया, जिससे जीवन की मौत हो गई. लाश को मोटर साइकिल पर रखकर चौमा होते हुए गजारिया गांव के पास टीलर नदी की पुलिया पर फैंककर चला गया. मृतक की शर्ट निकालकर नदी के पानी में बहा दी. इसकी विवेचना के दौरान पुलिस ने कुछ साक्ष्य एकत्रित किए और इस अंधे कत्ल को सुलझाकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया. जिसमें अभियोजन पक्ष ने आरोपियों को सजा दिलाई. कलेक्टर कार्यालय में अपराध और अपराधियों की सजा के मामले में समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ऋजु बाफना ने इस अंधे कत्ल में अपराधी को सजा दिलाने के मामले में अभियोजन के लोगों को सम्मानित किया. इस अवसर पर जांच अधिकारी शाजापुर एसडीओपी गोपाल सिंह चौहान को भी प्रमाण-पत्र देकर कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया. इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत और जिला अभियोजन अधिकारी मौजूद थे.

# आज राष्ट्रीय एकता दिवस पर होगा एकता दौड़ का आयोजन

**शाजापुर, 30 अक्टूबर. राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन होगा. कलेक्टर सुश्री बाफना ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकरियों को दायित्व सौंपे हैं. कलेक्टर ने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिला मुख्यालय पर प्रातः 7.30 बजे एकता दौड़ का आयोजन किया गया.**

यह दौड़ शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी क्रमांक 1 से प्रारंभ होकर ट्रॉफिक पाईंट होते हुए स्टेडियम ग्राउण्ड में समाप्त होगी. कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, एनसीसी, एनएसएस, कॉलेज, स्कूल, पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के विद्यार्थी, व्यापारीजन, सफाईकर्मी, पत्रकारगण, बार एसोसिएशन के सदस्य, जन अभियान परिषद के सदस्यए महिला एवं बाल विकास के समूह आदि को शामिल किया जाएगा. जिले के समस्त पुलिस स्टेशनों, विद्यालयों आदि में कार्यक्रम आयोजित होंगे. जहां जिले के समस्त पुलिस स्टेशनों में शुभारंभ समारोह, एकता शपथ ग्रहण समारोह, स्कूलों एंव पुलिस स्टेशनों में सरदार पटेल की फोटो प्रदर्शनी, एकता वृक्षारोपण, एकता वृक्ष अभियान का आयोजन करने के निर्देश दिए गए हैं.

### परिवहन विभाग ने नियम विरूद्ध संचालित वाहनों से 8 हजार रूपये शमन शुल्क वसूल

**शाजापुर, 30 अक्टूबर.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा मक्सी क्षेत्र में स्कूली वाहन बस, मैजिक आदि वाहनों की सघन चैकिंग कार्यवाही की गई. जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि चैकिंग के दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, फायर फायटर, फर्स्ट एड बॉक्स, इमरजेंसी गेट, कैमरा आदि चैक किए गए. एक वाहन को जप्त किया गया एवं नियम विरूद्ध संचालित वाहनों से 8 हजार रूपये शमन शुल्क राशि वसूल की गई. चेकिंग की कार्यवाही आगामी दिनों में निरंतर जारी रहेगी.

# किसानों ने 15 मिनट किया चक्काजाम, एसडीएम की समझाइश पर माने

## सोयाबीन के कम दाम मिलने पर हुए नाराज

**शाजापुर, 30 अक्टूबर. कृषि उपज मंडी में सोयाबीन का भाव कम मिलने पर किसानों ने शहरी हाईवे पर 15 मिनट के लिए चक्का जाम कर दिया. आक्रोशित किसान नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठगए. सूचना मिलने पर पहुंचे अधिकारियों ने किसानो को समझाया. इसके बाद किसान माने और धरना समाप्त किया.**

किसानों का आरोप था कि उन्हें भावांतर योजना के तहत अपेक्षित भाव नहीं दिए जा रहे हैं. गुरुवार को भी मंडी में सोयाबीन 3500 से 4000 रुपए प्रति क्विंटल की बोली पर खरीदी जा रही थी. जिससे वे आक्रोशित हो गए और विरोध प्रदर्शन किया. किसान संजय ने बताया कि वे ग्रेडिंग का सोयाबीन बेचने आए थे, लेकिन उन्हें 3500 से 3800 रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिल रहा था. उनका कहना था कि भावांतर योजना के तहत उन्हें 4 हजार सें अधिक भाव मिलना चाहिए था. मामले को लेकर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष किरणसिंह ठाकुर ने बताया कि प्लांटों ने सोयाबीन के भाव कम कर दिए हैं, जिसके अनुसार ही मंडी में व्यापारी बोली लगा रहे हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि मंडी में खरीदी का भावांतर योजना से कोई संबंध नहीं है और उन्हें किसानों के पंजीयन की जानकारी नहीं होती. उनके अनुसार कुछ लोगों के विरोध के बाद व्यापारियों ने खरीदी बंद कर दी थी जो अधिकारियों की समझाइश के बाद फिर से शुरू हुई. एसडीएम मनीषा वास्कले ने बताया कि मौसम में नमी के कारण व्यापारियों ने सोयाबीन के कम भाव लगाए थे, जिससे किसान नाराज हो गए. किसानों ने शिकायत की कि ग्रेडिंग का माल होने के बावजूद उन्हें कम भाव मिल रहा है. व्यापारियों से चर्चा करने पर उन्होंने प्लांटों द्वारा भाव कम किए जाने की बात कही.



# पुलिस ने चोरों से कृषि उपकरण व बाइक बरामद की

**शुजालपुर, 30 अक्टूबर. चोरी के मामले में थाना अवन्तिपुर बड़ोदिया पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई सामग्री बरामद की. थाना प्रभारी घनश्याम बैरागी ने बताया कि 29 अक्टूबर को दर्ज हुए अपराध की जांच के दौरान मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुए आरोपी अभिषेक, भगवानसिंह, विनोद उर्फ विनोद पेंटर, वृंदावन उर्फ विनोद, विक्रम सिंह, गफ्फार उर्फ लाली शाह को गिरफ्तार किया गया.**



पूछताछ एवं तलाशी में चोरी गया स्टार्टर व ऑटो स्विच, दो बड़े पाना, एक लहसुन की कट्टी, काले रंग की केबल कीमत 10 हजार 750 रुपए की बरामद की गई. पुलिस टीम ने अन्य अपराध में पूछताछ की तो आरोपी अभिषेक एवं भगवानसिंह ने चोरी गई एचएफ डीलक्स मोटरसायकिल कीमत 70 हजार रुपए बरामद की गई. उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी उपनिरीक्षक घनश्याम बैरागी के नेतृत्व में की गई और कार्यवाहक उपनिरीक्षक मुकेश सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक कुलदीप, रामचरण, आरक्षक रवि, दिनेश, कमलेश, गजेन्द्र, अखिल, पंकज, मेहरबान, सोहन देथलिया, बल्लू वर्मा, ललित, विक्रम सिंह, सैनिक कैलाशनारायण, विक्रम, कमल, ओमप्रकाश, शुभम की सरहानीय भूमिका रही.

# जिला स्तरीय युवा उत्सव के तहत होंगे सांस्कृतिक आयोजन

**शाजापुर, 30 अक्टूबर. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में 31 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से जिलास्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा.**

उक्त कार्यक्रम में शाजापुर जिले के अंतर्गत आने वाले विभिन्न महाविद्यालयों से चयनित प्रतिभागी जिलास्तरीय सांस्कृतिक गतिविधियों में शिरकत करेंगे. सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल नृत्य शास्त्रीय, समूह नृत्य/लोक नृत्य, एकांकी नाटक, मूक अभिनय माईम, मिमिक्री स्वांग, एकल गायन शास्त्रीय पद्धति, एकल गायन सुगम, समूह गायन भारतीय, एकल गायन पाश्चात्य, समूह गायन पाश्चात्य, शास्त्रीय एकल वादन थाप और शास्त्रीय एकल वादन गैर थाप गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा. जिलास्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी संभागस्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे.

# जिले के 7 लाख 3 हजार 375 मतदाताओं के घर पहुंचेंगे बीएलओ

## मतदाता सूची के अनुसार मतदाताओं का करेंगे भौतिक सत्यापन

**शाजापुर, 30 अक्टूबर. निर्वाचन आयोग द्वारा मप्र में भी वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसआईआर करवाया जा रहा है. ऐसे में सभी मतदाताओं के घर घर जाकर भौतिक सत्यापन किया जाएगा. शाजापुर जिले में भी यह प्रक्रिया मंगलवार को राजनीतिक दलों की बैठक के साथ शुरू हो रही है. इसके बाद करीब एक हफ्ते तक बीएलओ, बीएलए की ट्रेनिंग होगी.**

ट्रेनिंग के बाद 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ व बीएलए घर घर दस्तक देकर जिले के 7 लाख 3 हजार 375 मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करेंगे. 103 दिन की पूरी प्रक्रिया में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा. 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची जारी होने के साथ यह कार्य पूरा हो जाएगा. सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मप्र सहित 12 राज्यों में मतदाता सूची का एसआईआर करवाने की घोषणा की. इसके अंतर्गत 18 साल से ज्यादा के नए वोटर्स को जोड़ा जाएगा. ऐसे लोग जिनकी मौत हो चुकी है या जो शिफ्ट हो चुके हैं उनके नाम भी हटाए जाएंगे. वोटर लिस्ट में नाम, पते में हुई गलतियों को भी ठीक किया जाएगा. बीएलओ घर घर जाकर फार्म भरवाएंगे. अगर दो जगह वोटर लिस्ट में नाम है तो मतदाता को एक जगह से नाम कटवाना होगा. अगर वोटर लिस्ट में नाम नहीं है तो नाम जुड़वाने के लिए फार्म भरना होगा. बता दें 2024 की मतदाता सूची और वर्ष 2025 की मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 4791 मतदाता बढ़े हैं.

### 2024 के लोकसभा चुनाव में जिले में थे इतने वोटर

वर्ष 2024 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान शाजापुर जिले में कुल 6 लाख 98 हजार 584 मतदाता दर्ज थे. इनमें 3 लाख 59 हजार 458 पुरुष, 3 लाख 39 हजार 118 महिला मतदाता और 08 अन्य मतदाता शामिल थे. विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 167 .शाजापुर में कुल 247079 मतदाता थे. इसमें 126928 पुरुष और 120144 महिला मतदाता एवं 07 अन्य मतदाता शामिल थे. विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 168 शुजालपुर में कुल 221360 मतदाता थे. 113685 पुरुष, 107675 महिला मतदाता एवं 0 अन्य मतदाता शामिल थे. विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 169 .कालापीपल में कुल 230145 मतदाता थे, जिसमें 118845 पुरुष, 111299 महिला एवं 01 अन्य मतदाता शामिल थे.

### प्रक्रिया शुरू कर रहे है...

उप जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक वर्मा ने बताया निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन शुरू करवाया जा रहा है. मंगलवार को राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक रखी गई है. बीएलओ, बीएलए की ट्रेनिंग के बाद सत्यापन शुरू किया जाएगा. 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ. इसके अनुसार जिले के कुल 837 मतदान केंद्रों पर 703375 मतदाता है. इनमें महिला मतदाता 341833 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 361535 है. इसके साथ ही 7 अन्य मतदाता हैं. विधानसभावार बात करें तो विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 167 शाजापुर के 309 केंद्रों पर कुल 247833 मतदाता है. इनमें महिला मतदाता 120645 और पुरुष मतदाता 127232 हैं. अन्य मतदाताओं की संख्या 6 है. विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 168 शुजालपुर क्षेत्र के कुल 263 मतदान केंद्रों पर 223152 मतदाता हैं. इनमें महिला मतदाता 108668 है. पुरुष मतदाता की संख्या 114484 है, इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक. 169 कालापीपल के 265 मतदान केंद्रों पर कुल 232340 मतदाता हैं. इनमें महिला मतदाता 112520 और पुरुष मतदाता 119819 हैं, अन्य मतदाता की संख्या 1 है.


# कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति शुजालपुर जिला-शाजापुर (म.प्र.)

क्रमांक/ मंडी/नि./ 25-26/873 — शुजालपुर दिनांक-28.10.2025

## -// निविदा आमंत्रण सूचना //-

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदाएं क्रमांक **2025_MPSAM_459226_1**, के अंतर्गत ऑनलाईन निविदाएं दि. 31.10.2025 समय 05:30 से दिनांक 20.11.2025 को सायं 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है. निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **http//www.mptenders.gov. in/nicgep/app** पर प्राप्त होगी, एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **http //www.mpmandiboard.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी.

नोट :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर ही प्रदर्शित किया जावेगा.

**सचिव**
कृषि उपज मंडी समिति, शुजालपुर
जिला-शाजापुर (म.प्र.)

**भारसाधक अधिकारी**
कृषि उपज मंडी समिति, शुजालपुर
जिला-शाजापुर (म.प्र.)